## एक नजर में

### सत्येंद्र भारिल्ल शंकरशाद मुशायरे में सम्मानित



**राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** गज़लकार सत्येंद्र भारिल्ल को राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 12 खंबा रोड पर मॉर्डन स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित 57 वें अंतरराष्ट्रीय शंकरशाद मुशायरे में देश के उभरते शायर के रूप में शंकर शाद विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया. यह गरिमामय आयोजन शनिवार, 4 अप्रैल की रात्रि को सम्पन्न हुआ. जिसमें देश–विदेश के चुनिंदा शायरों और साहित्यप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही. इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए देशभर के 500 से अधिक शायरों में से श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया गया, जिसमें सत्येंद्र भारिल्ल को यह सम्मान प्राप्त होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है. समारोह के दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध फिल्म लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर, ख्यात शायर वसीम बरेलवी, शीन काफ़ निज़ाम तथा डीसीएम श्रीराम समूह के प्रबंध निदेशक माधव श्रीराम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं ट्रॉफी प्रदान की गई.

### देवपब्लिक स्कूल के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**सारंगपुर 05 अप्रैल, सं.** शहर के देव पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने राज्य शिक्षा केंद्र की आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. चेयरमैन डॉ. केशव सिंह छावरी जिपं सदस्य द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आगे बड़े, बढ़ते रहे और निरंतर सफलता प्राप्त करते रहे. कक्षा 8 वी में प्रथम संध्या खिंची 91.16, रितुराज 90, नवंत 90, हुमेरा 88.65, शिवम 88.5 एवं कक्षा 5 वीं से तमन्ना लाखा 85.75, तनुप्रिया पाटीदार 85, योगेश्वरी नागर 84.5, युवराज कुशवाह 84.5, उवेश खान 82.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. सभी बच्चों को स्कूल डायरेक्टर उपेंद्र सिंह छावरी पूर्व जनपद अध्यक्ष, प्राचार्य डॉ. बीजू मठाथिल सहित शिक्षकों एवं अभिभावक ने शुभकामनाएं दी.

### जैविक खेती की नवाचार पहल, किया प्रेरित

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को जीरापुर विकासखंड के ग्राम घोगड़पुर में किसान श्रीलाल चौहान के खेत का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेत पर संचालित बीआरसी (जैविक संसाधन केंद्र) यूनिट एवं चूज़े पालन गतिविधियों का अवलोकन किया तथा किसान द्वारा अपनाई गई आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों की सराहना की. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है. उन्होंने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ–साथ जैविक खेती एवं नवीन तकनीकों को अपनाएं. कलेक्टर ने चूज़े पालन गतिविधि को भी किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में बताया और कहा कि कृषि के साथ पशुपालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बना सकते हैं.

## दो दिन में गेहूं की 25 हजार क्विंटल आवक

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 05 अप्रैल, का.** समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के पूर्व स्थानीय कृषि मंडी में गेहूं की काफी आवक हो रही है. दो दिन में ही करीब 25 हजार क्विंटल गेहूं मंडी में विक्रय के लिए आ पहुंचा. गौरतलब है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी पूर्व में 1 अप्रैल से करना थी जिसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया. इसको लेकर भी अब संशय बना हुआ है. शादी ब्याह के सीजन एवं अन्य आवश्यक कार्य में पैसो की आवश्यकता के चलते समर्थन मूल्य खरीदी के पहले ही बड़ी मात्रा में गेहूं मंडी में विक्रय हेतु आ रहा है. स्थानीय कृषि मंडी में दो दिन में ही गेहूं की भारी आवक हो गई. 4 अप्रैल को कृषि मंडी में गेहूं की आवक 13 हजार 409 क्विंटल रही. न्यूनतम भाव 1800 तथा उच्चतम मूल्य 2670 रहा. जबकि 5 अप्रैल को गेहूं की आवक 11 हजार 551 क्विंटल रही तथा न्यूनतम भाव 1925 व उच्चतम मूल्य 2625 रहा. इस तरह भाव भी अच्छे रहे.



# रहवासी क्षेत्रों में खतरा बन रहे जर्जर भवन

## नपा दे चुकी है आधा दर्जन जर्जर भवन खाली करने का नोटिस, तेज आंधी और बारिश में बनेंगे आफत

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 05 अप्रैल, का. प्रशासन द्वारा ऐसे कई शासकीय भवन जो काफी जर्जर होकर किसी भी दुर्घटना को अंजाम दे सकते है ऐसे भवनों को खाली तो करा लिया गया किंतु कई जर्जर भवन रहवासी क्षेत्र में मौजूद है. तेज बारिश, आंधी में इन भवनों के गिरने का डर बना रहता है, रहवासी क्षेत्र के बीच भवनों के होने से कोई न कोई अनहोनी का भी भय बना रहता है.**

उल्लेखनीय है कि नगर सहित जिले भर में दर्जनों की संख्या में शासकीय स्कूल, विभागों,



कार्यालयों एवं संस्थाओं के भवन काफी पुराने होकर जीर्णशीर्ण अवस्था में है. अधिकतर भवनों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कर दिया गया तो कुछ जगह मजबूरी में जर्जर भवनों में ही संचालन हो रहा है. इन सबके बीच अनेक ऐसे जर्जर भवन घने रहवासी क्षेत्र के बीच में है जिनको खाली तो कर दिया गया परन्तु डिस्मेंटल नहीं किया गया. ये भवन अभी खतरा बने हुए है.

**पुराना आईटीआई भवन–** स्थानीय इंदिरा नगर में स्थित पुराना आईटीआई भवन बहुत ही बदहाल अवस्था में होकर ढहने लगा है. दीवारे, छत तहस–नहस हो गया है. भवन को देखकर ही इसकी जीर्णशीर्ण अवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है. तेज आंधी, बारिश में भवन को लेकर खतरा बना हुआ है. उक्त भवन के आसपास लोगों का आना–जाना लगा रहता है. पुराना आईटीआई भवन एवं इसी तरह कई अन्य भवन बहुत ही जीर्णशीर्ण अवस्था में रहवासी क्षेत्रों के बीच मौजूद है, इन जर्जर भवनों के आसपास लोगों की आवाजाही बनी रहती है. बच्चे खेलते रहते है. ऐसे भवन के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से रोकटोक होना चाहिए ताकि कोई जर्जर भवन के समीप न पहुंच सके.

**चौराहा पर पुराना स्कूल भवन–** स्थानीय पीपल चौराहा के समीप शासकीय उमावि बड़े स्कूल का दशकों पुराना भवन भी बहुत जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है. यह भवन बीच चौराहा पर है जहां काफी चहल–पहल रहती है.

**डिसमेंटल के हो चुके आदेश**–नगर में ही आधा दर्जन शासकीय एवं निजी भवन ऐसे है जो बुरी तरह जीर्णशीर्ण हो चुके है, सर्वे के बाद इनको डिसमेंटल करने निर्देश भी दिए जा चुके है, बावजूद पुराना आईटीआई सहित अन्य जर्जर भवन अनहोनी को आमंत्रण दे रहे है.

**पूर्व में हो चुका है हादसा–** नगर में जर्जर भवन गिरने के कारण पूर्व में हादसा हो गया था जिसमें दो लोगों का प्राणांत हो गया था. इस हादसे के बाद भी जर्जर भवनों को लेकर किसी तरह की कोई गंभीरता नहीं देखी जा रही है. मानों किसी अनहोनी का इंतजार हो रहा है.

# ऑपरेशन चक्रव्यूह : 656 वारंट तामील

## दो दिन तक जिले भर में चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 05 अप्रैल, का. जिले भर में 04 और 05 अप्रैल को विशेष वारंट तामिली अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह संचालित किया गया. अभियान का उद्देश्य न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी/वसूली वारंटों की तामिली सुनिश्चित करते हुए फरार आरोपियों की धरपकड़ करना रहा. अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सुनियोजित रणनीति के तहत सघन दबिश, मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया गया. चारों ओर से घेराबंदी करते हुए वारंटियों को पकड़ने की कार्रवाई की गई, जिससे अभियान को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई.**

अभियान में 232 स्थाई वारंट, 424 गिरफ्तारी/वसूली वारंट तामील कराए गए. इस प्रकार कुल 656 वारंट तामील कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया. अभियान के दौरान बड़ी संख्या में वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिससे लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है.

### 25 वारंटी गिरफ्तार, 13 को जेल भेजा

खिलचीपुर थाना पुलिस ने पिछले दो दिनों में विशेष कोम्बिंग गश्त अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की तलाश की. इस दौरान पुलिस टीमों ने अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर 25 वारंटियों को गिरफ्तार किया. सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 13 आरोपियों को जेल भेज दिया गया.

टीआई उमाशंकर मुकाती के अनुसार, कई आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से स्थायी वारंट जारी थे और वे वर्ष 2016 व 2018 से फरार चल रहे थे. गिरफ्तारी से बचने के लिए कुछ आरोपी दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने लगे थे. पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर पिछले दो दिनों में अलग–अलग टीमों को भेजकर इन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की.

अवैध शराब तस्करी के मामले में वर्ष 2021 से फरार चल रहा आरोपी ज्वाला प्रसाद कुल्लू–मनाली के एक होटल में वेटर का काम कर रहा था. पुलिस ने उसे राजगढ़ के कालाखेत क्षेत्र से गिरफ्तार किया. वहीं मारपीट के मामले में वर्ष 2021 से फरार आरोपी राकेश वर्मा इस दौरान राजस्थान में मजदूरी कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया. जिन आरोपियों को जेल भेजा गया, उनमें ज्वाला प्रसाद, राधेश्याम तंवर, हेमराज वर्मा, फूलसिंह, धनश्याम, मोहन, राम लबाबू, गोकुल, उकार, दीपक, हेमराज, प्यारजी, राकेश और दरियाव सिंह शामिल हैं.



## संतों के आगमन से धर्ममय हुआ वातावरण, आज होगा सत्संग का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 05 अप्रैल, का.** नगर में रविवार को युगपुरुष महामण्डलेश्वर स्वामी परमानंद जी महाराज एवं महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंद महाराज का आगमन हुआ. आज अखण्ड परमधाम पर सत्संग का आयोजन होगा. महाराजश्री के आगमन से श्रद्धालुओं में अपार उत्साह का वातावरण है. युगपुरुष स्वामी परमानंद जी महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज का रविवार को लगभग 4 बजे नगर आगमन हुआ. महाराजश्री का आगमन गुना बायपास चौराहा से हुआ. यहां से महाराजश्री वाहनों के काफिले के साथ भोपाल बायपास चौराहा स्थित अखण्ड परमधाम पहुंचे. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराजश्री की भव्य अगुवानी की. जानकारी के अनुसार आज 6 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से अखण्ड परमधाम आश्रम में सत्संग का आयोजन होगा. सत्संग में संतों द्वारा धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों पर प्रवचन दिए जाएंगे. श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

# मौसम : 8 मार्च तक फिजां में बरकरार रहेगी नमी

## मौसम ने गिराया अधिकतम तापमान

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/राजगढ़ 05 अप्रैल, का. अप्रैल माह के इन दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर जा पहुंचता है किंतु वर्तमान में तेज हवाओं, बारिश और ओले गिरने के कारण मौसम में काफी नमी बनी हुई है जिसके चलते अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री के बीच बना हुआ है.**

गौरतलब है कि विगत दिवस से नगर सहित जिले के अनेक स्थानों पर तेज हवाएं चली और आकाशीय बिजली की गर्जना के साथ बारिश हुई. गत दिवस ही नगर में 13 एमएम बारिश हो गई. बदले मौसम ने अधिकतम तापमान में भी काफी गिरावट ला दी है.

### खराब पड़ी है अधिकतम तापमान की मशीन

राजगढ़ स्थित मौसम विभाग स्थित अधिकतम तापमान मापने वाली मशीन दो वर्षो से खराब पड़ी जिसके कारण यहां से



अधिकतम तापमान का सटीक पता नहीं चल पाता है. भोपाल स्थित मौसम विभाग के माध्यम से ही जिले के अधिकतम तापमान की जानकारी मिल पाती है.

मौसम विभाग भोपाल के अनुसार रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री रहा. न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री रहा. जबकि अप्रैल माह के दिनों में जिले का अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री के बीच जा पहुंचता है. बारिश, तेज हवाओं, ओले गिरने के कारण आई नमी के चलते तापमान में इतनी गिरावट बनी हुई है. तापमान में गिरावट के कारण गर्मी से काफी कुछ राहत मिली है.




## मेहंदी और रंगोली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 05 अप्रैल, सं.** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा का आयोजन महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में किया गया. जिसमें उपस्थित छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर मार्गदर्शन किया. परामर्शदाता हरिओम जाटव ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. यदि हम अपनी नदियों और तालाबों को गंगा मानकर उनका सम्मान और संरक्षण करेंगे, तभी हम एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की कल्पना कर सकते हैं. उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से आग्रह किया कि वह भी इस अभियान में सहभागिता कर अपने–अपने क्षेत्र में जल संरक्षण हेतु गतिविधियां आयोजित करें और समाज को जागरुक कर अभियान को सफल बनाएं. कक्षा में नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल द्वारा छात्राओं के मध्य रंगोली एवं मेहंदी स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें जल संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर परिषद के विकासखंड समन्वयक खजान सिंह ठाकुर, परामर्शदाता नटवरसिंह, मनीषा सक्सेना, विक्रमसिंह लववंशी, रवि यादव के साथ ओम शांति महिला मंडल की अध्यक्ष हेमा गोयल एवं सचिव विनोद वर्मा व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे.

## सेना से रिटायर होकर लौटे हवलदार का स्वागत

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 05 अप्रैल, सं.** भारतीय सेना से 24 वर्षों की



सेवा के बाद हवलदार रैंक से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव देवरी लौट रहे कमल सिंह सोलंकी का नगर में स्वागत किया. डीजे के साथ नगर के मुख्य मार्ग से जुलूस निकाला गया. इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व मण्डी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, कुशाल मण्ड़लोई सहित जनप्रतिनिधियों ने खिलचीपुर नाका पर पहुंचकर गर्म जोशी से फौजी का स्वागत किया. कमलसिंह ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में तैनाती के दौरान उन्हें हमेशा अपनी मिट्टी व समाज की याद आती थी. नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहा पर प्रकाश चौहान मित्र मण्डली ,इंदर चौराहा पर अरविन्द बंसल मित्र मण्डली , बजरंग दल मित्र मण्डल , महर्षि पब्लिक स्कूल के सामने प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवनारायण दांगी , दिलीप राठौर , मां सरस्वती एकेडमी ने भावभीना स्वागत किया तत्पश्चात कोडक्या , बाड़गांव , लखोनी गांव होते हुए अपने गांव देवरी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने जोश हर्षोल्लास से स्वागत किया.

## 6 मंडलों के कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक मार्गदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 05 अप्रैल, का. विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सभी मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का सफल समापन सुठालिया मंडल के प्रशिक्षण के साथ हो गया.**

इस व्यापक अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के मूल मंत्रों से सुसज्जित किया गया. सुठालिया मंडल का प्रशिक्षण रविवार को बड़े बाग वाले हनुमान मंदिर परिसर में हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने किया. इस प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ब्यावरा, गींदोरहाट, मलावर, गादिया एवं पीपलहेला मंडलों में 15 मार्च से 20 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए थे. वहीं 5 अप्रैल को सुठालिया मंडल के प्रशिक्षण के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया.

उद्घाटन सत्र में मंत्री श्री पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने भाजपा की विचारधारा को राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सुशासन पर आधारित बताते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'अंत्योदय' का सिद्धांत पार्टी की कार्यशैली का मूल आधार है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस मौके पर नीलम सक्सेना, दिलवर यादव, दिलीप कुशवाह, मनोज हाड़ा, देवी सिंह एवं जगदीश पंवार सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया. सुठालिया मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया.

**सम्मेलन** राजस्थान के झालावाड़, शाजापुर, सीहोर, आगर, इंदौर से पहुंचे समाजबंधु

# 58 जोड़ों का निकाह हुआ, फिजूलखर्ची से दूर रहने की नसीहत

**सामूहिक विवाह सम्मेलन में बौने कद के दो सगे भाई और दो सगी बहनें रहीं आकर्षण का केंद्र, पंडाल में देखने के लिए लगी भीड़**





**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 05 अप्रैल, सं. अजमेरी मंसूरी समाज का रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन मऊ पड़ाना सड़क मार्ग के समीप जंगल में आयोजित हुआ अजमेरी मंसूरी समाज कमेटी मऊ के द्वारा सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया.**

आयोजित सम्मेलन के दौरान दो जोड़े बोने कद के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे तथा इन जोड़ों को देखने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ इनके पंडालों में देखने को मिली जिसमें सगे दो भाई बोने कद के दूल्हा साजिद पिता सलीम खां अंसारी माजिद पिता सलीम खां अंसारी निवासी चाकरोद जिला शाजापुर तथा दो बोने कद की सगी बहनें अंजू बी पिता मोहम्मद खां मंसूरी एवं रानू भी पिता मोहम्मद खां मंसूरी निवासी दुपाड़ा शाजापुर इस विवाह निकाह सम्मेलन में यह दो जोड़े मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे.

विवाह सम्मेलन के सदर मुबारक मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन में 58 जोड़ों ने निकाह कुबूल किया निकाह के दौरान मौलाना इमरान फलाई सहित अन्य मौलानाओं ने नवी व्हाइट जोड़ों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि पति–पत्नी के बीच शांतिपूर्ण आपसी भरोसे और समझ के बिना संभव नहीं है. इस सम्मेलन के दौरान निकाह करने वाले जोड़ों को गृहस्थी का पूरा सामान समिति के द्वारा दिया गया दोपहर 2:00 बजे कलमा पढ़ाकर विधिवत रूप से निकाह मुफ्ती मौलाना इमरान फलाई मौलाना मुस्तकीम हाफिज अखलाक हाफिज इखलास सहित 8 मौलवियों की उपस्थिति में सामूहिक निकाह करवाया गया इस दौरान हजारों लोगों के सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया गया निकाह क बाद शाम 4 बजे विधिवत रूप से सभी जोड़ों को विदाई दी गई विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष मुबारिक मंसूरी फिरोज मंसूरी ठेकेदार खजांची एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शरीफ मंसूरी ने इस सम्मेलन के अवसर पर कहा कि समाज के द्वारा शिक्षा पर जोर के साथ होने वाले विवाह के दौरान फिजूल खर्च रोकने के लिए समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन गांव मऊ में पड़ाना रोड पर आयोजित किया गया जिससे समाज में जागरूकता पैदा हो फिजूल खर्ची पर रोक लगे समाज की कुरीतिय दूर हो इस कारण हर वर्ष अजमेरी मंसूरी समाज के द्वारा जगह–जगह विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है प्रात: 10 बजे से सामूहिक विवाह सम्मेलन में लोगों का आना प्रारंभ हो गया था जिसमें राजगढ़ के अलावा इंदौर उज्जैन शाजापुर आगर सीहोर जिले सहित राजस्थान के झालावाड़ जिले से भी बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए इस दौरान विवाह कमेटीके सदर मुबारक मंसूरी खजांची शरीफ मंसूरी बरूखेड़ी नायब सदर फिरोज ठेकेदार सेक्रेटरी रफीक भाई आरजू नायबसेक्रेटरी इमरान मंसूरी निसार मंसूरी ठेकेदार सरपंच रईस मंसूरी अंजुमन कमेटी के सदर अनवर मंसूरी इकबाल भाई अबरार भाई साकिर भाई मुबारक भाई बरूखेडी एवं गांव सहित समाज एवं अन्य लोग शामिल हुए इस दौरान पूर्व सरपंच फतेह सिंह राजपूत तेजसिंह राजपूत सहित अन्य लोग सम्मेलन में सम्मिलित हुए.

# सबसे बड़ा धर्म है मानव सेवा

**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 05 अप्रैल, सं.** सबसे बड़ा धर्म वही जो मानव सेवा करें सुखदेव जी महाराज और परीक्षित के संवाद का वर्णन किया गया. इस तारतम्य में भागवत कथा के माध्यम से कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित शिवदयाल भार्गव पीपल खेड़ी (गुना) ने सरदारपुर धाम नारायणपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं भगवान प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बताया कि हमारे जीवन को कैसे मानव उपयोगी बनाया जाए. सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को बताया की सबसे बड़ा धर्म वही है जो मानव की सेवा करे सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत महात्म्य कथा का उद्देश्य और भगवान की भक्ति का महत्व समझाया. उन्होंने परीक्षित को संसार की नश्वरता से अवगत कराया और बताया कि मृत्यु के भय को दूर करने के लिए केवल गोविंदा का स्मरण और भगवान की कथा का श्रवण ही एक मात्र उपाय है. भक्ति ज्ञान और वैराग्य के महत्व को प्रमुखता से समझाया गया इस दौरान कथावाचक ने कथा के दौरान कपिल भगवान ध्रुव चरित्र प्रसंग सहित अन्य कथाओं को विस्तार से वर्णन किया. कपिल भगवान ने माता देवहूति से कहा कि ये अशक्ति ही दुख का कारण है. यदि संसार में ये अशक्ति है तो दुख का कारण बन जाती है यही अशक्ति भगवान और उनमें भक्ति में हो जाए तो मोक्ष का द्वार खुल जाता है. ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए और संकल्प और विश्वास के साथ जीवन मेंआगे बढ़ने की सीख ली. इस दौरान सरदारपुर धाम नारायणपुर कोलू खेड़ा में निर्माणाधीन नेत्र अस्पताल में दान देने वाले दानदाताओं पंचाण भाई भावजी भाई गुजरात त्रयंबक भाई फेफर गुजरात चुन्नी भाई भानोडिया अमृत भाई माफड़ियि राजकोट शांतिलाल राम प्रसाद मुकाती रंगवास सहित अन्य दानदाताओं ने श्रीमद्भगवत कथा आरती में सम्मिलित हुए तथा अस्पताल ट्रस्ट एवं सहयोगी लोगों के द्वारा इस अवसर पर फूल–मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया.